मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **23.03.2020**

प्रेस विज्ञप्ति- 306/2020

- सरकार ने एहतियात के तौर पर कड़े निर्णय राज्यवासियों की जान-माल की सुरक्षा हेतु लिए हैं...हेमन्त सोरेन

विधानसभा

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्यवासी कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव हेतु अपने घरों में ही रहें। सामाजिक दूरी बनाकर रखें। कम से कम लोगों से मिलें। यह कुछ दिनों की समस्या है। हम मिलकर जंग लड़ेंगे। सरकार ने एहतियात के तौर पर कड़े निर्णय लिए हैं। यह निर्णय राज्यवासियों के जान-माल की सुरक्षा हेतु लिए गए हैं। इस दौरान जो खुद को असुरक्षित महसूस कर रहें हैं, वे सरकार से अपनी असुरक्षा के भाव साझा कर सकते हैं। सरकार असुरक्षा के भाव को दूर करेगी। जनता भरोसा रखे, किसी तरह की समस्या राज्य में नहीं होगी।

###

========================

#Team PRD(CMO)